कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

संख्या : 94/01/डी.आर./एस–12/2021–22

प्रयागराज : दिनांक : 03 दिसम्बर, 2021

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा "प्राविधिक शिक्षा (अध्यापन) सेवा परीक्षा–2021" से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या–A-7/E-1/2021 के अन्तर्गत प्रधानाचार्य, व्याख्याता यांत्रिक अभियंत्रण/कर्मशाला अधीक्षक, व्याख्याता सिविल अभियंत्रण, व्याख्याता विद्युत अभियंत्रण तथा व्याख्याता अंग्रेजी की परीक्षा दिनांक–12 दिसम्बर, 2021 को 02 जनपदों प्रयागराज एवं लखनऊ में होना प्रस्तावित थी, इस आशय की विज्ञप्ति दिनांक– 27 नवम्बर, 2021 को जारी की गयी थी। किन्तु उक्त तिथि को मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद की "समीक्षा अधिकारी" की परीक्षा निर्धारित होने के कारण उक्त तिथि में परिवर्तन किया गया है। उक्त परीक्षा अब दिनांक– 22 दिसम्बर, 2021 को 05 जनपदों (लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद तथा मेरठ) में आयोजित की जायेगी। शेष पदों/विषयों की परीक्षा की तिथि के सम्बन्ध में सूचना विज्ञप्ति/वेबसाइट के माध्यम से बाद में दी जायेगी।

(अरविन्द कुमार मिश्र)

परीक्षा नियंत्रक